# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

**अभ्यास प्रश्न पत्र (सत्र: 2023-2024)**

**कक्षा: IX** **विषय: सामाजिक विज्ञान**

**अवधि: 3 घंटे** **पूर्णांक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

1- प्रश्न पत्र में छह खंड हैं – क, ख, ग, घ, ङ और च । प्रश्न पत्र में 37 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2- खंड क - प्रश्न 1 से 20 तक प्रत्येक 1 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3- खंड ख – प्रश्न संख्या 21 से 24 अति लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक 2 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
4- खंड ग में प्रश्न 25 से 29, लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक में 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए
5- खंड घ – प्रश्न संख्या 30 से 33 दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक में 5 अंक होते हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6- खंड ङ - प्रश्न संख्या 34 से 36 केस आधारित प्रश्न हैं जिनमे 3 उप प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न 4 अंक के हैं ।
7- खंड च - प्रश्न संख्या 37 मानचित्र आधारित है, जिसमें दो भागों के साथ 5 अंक हैं, इतिहास से 37.a (2 अंक) और भूगोल से 37.b (3 अंक)।
8- प्रश्न पत्र में कोई अन्य विकल्प नहीं है। हालांकि, कुछ प्रश्नों में एक आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का प्रयास किया जाना चाहिए।
9- इसके अलावा, जहां भी आवश्यक हो, प्रत्येक अनुभाग और प्रश्न के साथ अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।

DOE, Delhi

| S.No. | खण्ड क<br>बहुविकल्पीय प्रश्न | Maximum Marks (20X1=20) |
|---|---|---|
| 1. | राज के गाँव की कुल जनसंख्या 10000 है। वर्ष 2020 के दौरान उसके गाँव में जन्म लेने वाले शिशुओं की कुल संख्या 50 है। बताइए कि वर्ष 2020 में राज के गाँव की जन्मदर क्या है?<br>A. 10<br>B. 50<br>C. 5<br>D. 4 | 1 |
| 2. | निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और उसके लिए सही पारिभाषिक शब्द का चयन कीजिए। **नागरिक कैसे सोचे, किस तरह अपने विचारों को अभिव्यक्त करें और अपने विचारों पर किस तरह अमल करें, इस पर कोई अनुचित पाबंदी नहीं होगी।**<br>A. बंधुता<br>B. स्वतंत्रता<br>C. न्याय<br>D. गणराज्य | 1 |
| 3. | अन्नपूर्णा योजना का संबंध निम्नलिखित में से किससे हैं?<br>A. आवास<br>B. आपदा<br>C. भोजन<br>D. शिक्षा | 1 |
| 4. | निम्नलिखित में से कौन –सी एक तृतीयक क्षेत्रक की क्रिया है?<br>A. कृषि<br>B. पर्यटन<br>C. वानिकी<br>D. विनिर्माण | 1 |
| 5. | 1930 के दशक में हिटलर की विदेश नीति का मुख्य लक्ष्य क्या था?<br>A. जर्मन साम्राज्य का विस्तार<br>B. शांति और सहयोग को बढ़ावा देना<br>C. राष्ट्र संघ का समर्थन करना<br>D. अफ्रीका का औपनिवेशीकरण | 1 |
| 6. | लोकसभा में अनुसूचित जाति के लिए कितनी सीटों को आरक्षित किया गया हैं?<br>A. 69<br>B. 79<br>C. 84<br>D. 99 | 1 |

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| 7. | निम्नलिखित में से किस संस्था को देश के मौजूद कानून में संशोधन करने की जिम्मेदारी है?<br>A. भारतीय निर्वाचन आयोग<br>B. नीति आयोग<br>C. प्रधानमंत्री<br>D. संसद | **1** |
| 8. | महिला एंव नागरिक अधिकार घोषणापत्र किसने तैयार किया था?<br>A. ओलेम्प दे गूज<br>B. रोबेस्प्येर<br>C. नेपोलियन<br>D. नेशनल असेंबली | **1** |
| 9. | भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे?<br>A. महात्मा गांधी<br>B. बी.आर. अम्बेडकर<br>C. जवाहरलाल नेहरू<br>D. सरदार पटेल | **1** |
| 10. | फ्रांसीसी क्रांति के कारण यूरोप में किस राजनीतिक विचारधारा का उदय हुआ?<br>A. रूढ़िवाद<br>B. साम्यवाद<br>C. समाजवाद<br>D. राष्ट्रवाद | **1** |
| 11. | गलत मिलान की पहचान कीजिए।<br>A. अन्नपूर्णा – नेपाल<br>B. गुरूला मंधाता – नेपाल<br>C. धौलागिरी – नेपाल<br>D. कंचनजुंगा – नेपाल | **1** |
| 12. | निम्नलिखित में से कौन केन्द्रीय मंत्रीपरिषद का सदस्य नहीं होता हैं?<br>A. कैबिनेट मंत्री<br>B. स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री<br>C. राज्य मंत्री<br>D. भारत का राष्ट्रपति | **1** |
| 13. | भारत में लोकसभा (लोगों का सदन) में राज्यों को सीटें कैसे आवंटित की जाती हैं?<br>A. राज्य की जनसंख्या के आधार पर<br>B. राज्य के क्षेत्रफल के आधार पर<br>C. सभी राज्यों में समान रूप से<br>D. राष्ट्रपति की मर्जी से | **1** |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| 14. | कौन.सा मौलिक अधिकार नागरिकों को उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होने पर अदालत में जाने की अनुमति देता है?<br>A. स्वतंत्रता का अधिकार<br>B. संपत्ति का अधिकार<br>C. संवैधानिक उपचारों का अधिकार<br>D. समानता का अधिकार | 1 |
| 15. | चिल्का झील अवस्थित हैं–<br>A. पश्चिमी तटीय मैदान<br>B. पूर्वी तटीय मैदान<br>C. पश्चिमी घाट<br>D. भारतीय मरूस्थल | 1 |
| 16. | अमनेस्टी इंटरनेशनल एक अंतर्राष्ट्रीय................................... संगठन है।<br>A. मानवाधिकार<br>B. सुरक्षा<br>C. शांति<br>D. युद्ध | 1 |
| 17. | नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक संकल्पना(स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**संकल्पना** (स): स्तालिन ने सामूहिकीकरण अभियान आरंभ किया।<br>**कारण** (क): स्तालिन समाजवाद में विश्वास रखता था।<br>विकल्प :<br>A. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।<br>B. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परन्तु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. संकल्पना (स) सही है एवं कारण (क) गलत है।<br>D. संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है। | 1 |
| 18. | नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक संकल्पना(स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**संकल्पना** (स): भारत एक प्रभुत्वसंपन्न देश है।<br>**कारण** (क): कोई भी देश भारत को आदेश नहीं दे सकता है।<br>विकल्प :<br>A. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।<br>B. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परन्तु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. संकल्पना (स) सही है एवं कारण (क) गलत है। | 1 |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | D. संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है। | |
| 19. | नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक संकल्पना(स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**संकल्पना** (स): निर्धनता रेखा से नीचे के लोगों का अनुपात भारत में सभी सामाजिक समूहों और आर्थिक वर्गों में एक सामान नहीं है।<br>**कारण** (क): नगरीय अनियमित मजदूर परिवार निर्धनता के प्रति सर्वाधिक असुरक्षित समूहों में से एक हैं।<br>**विकल्प**:<br>A. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।<br>B. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परन्तु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. संकल्पना (स) सही है एवं कारण (क) गलत है।<br>D. संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है। | **1** |
| 20. | नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक संकल्पना(स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**संकल्पना** (स): गोदावरी एक सदानीरा नदी है।<br>**कारण** (क): गोदावरी प्रायद्वीपीय नदी है।<br>**विकल्प**<br>A. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।<br>B. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परन्तु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. संकल्पना (स) सही है एवं कारण (क) गलत है।<br>D. संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है। | **1** |
| | **खण्ड ख**<br>**अति लघु–उत्तरीय प्रश्न** | **(4X2=8)** |
| 21. | रूस के फरवरी क्रांति के प्रभावों का वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>'यूरोप में समाजवाद का आना एक क्रांतिकारी घटना थी।' कथन के समर्थन में तर्क दीजिए। | **2** |
| 22. | भारत के द्वीपीय – समूह पर एक संक्षिप्त नोट बनाइए। | **2** |
| 23. | भारत में गरीबी के मुख्य कारण क्या हैं? | **2** |
| 24. | खाद्य सुरक्षा के तीन घटकों का वर्णन कीजिए। | **2** |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | **खण्ड ग**<br>**लघु–उत्तरीय प्रश्न** | **(5X3=15)** |
| 25. | फ्रांस में जैकोबिन क्लब के उदय के कारणों का वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>ओलम्प दे गूज के घोषणापत्र में वर्णित किन्हीं तीन मूलभूत अधिकारों का वर्णन कीजिए। | **3** |
| 26. | ब्रह्मपुत्र नदी तंत्र एवं सिंधु नदी तंत्र के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए। | **3** |
| 27. | भारत से बेरोजगारी दूर करने के लिए कुछ उपाए बताइए। | **3** |
| 28. | लोकतंत्र में स्वतंत्र न्यायपालिका के महत्व को समझाइये। | **3** |
| 29. | 'चुनावों में बढ़ती लोगों की भागीदारी भारतीय चुनावों के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होने का साक्ष्य है।' कथन की समीक्षा कीजिए। | **3** |
| | **खण्ड घ**<br>**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** | **(4X5=20)** |
| 30. | भारतीय संविधान सभा के सामने प्रमुख चुनौतियाँ कौन – कौन सी थीं एवं उनका सामना उन्होनें किस प्रकार किया?<br>अथवा<br>"भारतीय संविधान की उद्देशिका में भारतीय संविधान की आत्मा बसती है।" कथन के आलोक में भारतीय संविधान की उद्देशिका में वर्णित मूल्यों का वर्णन कीजिए। | **5** |
| 31. | भारत में पाई जाने वाली विभिन्न ऋतुओं पर एक संक्षिप्त नोट लिखिए।<br>अथवा<br>भारतीय जलवायु को प्रभावित करने वाले कारकों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। | **5** |
| 32. | कुछ महत्त्वपूर्ण दार्शनिकों का उल्लेख करते हुए फ्रांसीसी क्रांति में उनकी भूमिका का वर्णन कीजिए।<br>**अथवा**<br>'फ्रांसीसी क्रांति समाज के सभी वर्गों की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर पाई।' कथन का विश्लेषण कीजिए। | **5** |
| 33. | मानव संसाधन विकास में शिक्षा की भूमिका का वर्णन करें। शिक्षा किसी देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में किस प्रकार योगदान देती है?<br>अथवा<br>सरकार किसी देश में मानव पूंजी के निर्माण को कैसे बढ़ावा दे सकती है? इस लक्ष्य का समर्थन करने वाली नीतियों और पहलों के उदाहरण प्रदान करें। | **5** |

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in

## खण्ड ड.
## केस – आधारित प्रश्न


**(4X3=12)**

34. **अनुच्छेद को पढ़िए एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **1+1+2=4**

पूरी आबादी में लगभग 90 प्रतिशत किसान थे। लेकिन, जमीन के मालिक किसानों की संख्या बहुत कम थी। लगभग 60 प्रतिशत जमीन पर कुलीनों, चर्च और तीसरे एस्टेट्स के अमीरों का अधिकार था। प्रथम दो एस्टेट्स, कुलीन वर्ग एवं पादरी वर्ग के लोगों को कुछ विशेषाधिकार जन्मना प्राप्त थे। इनमें से सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषाधिकार था-राज्य को दिए जाने वाले करों से छूट। कुलीन वर्ग को कुछ अन्य सामंती विशेषाधिकार भी हासिल थे। वह किसानों से सामंती कर वसूल करता था। किसान अपने स्वामी की सेवा, स्वामी के घर एवं खेतों में काम करना, सैन्य सेवाएँ देना अथवा सड़कों के निर्माण में सहयोग आदि करने के लिए बाध्य थे।

34.1. 1789 की क्रांति के पूर्व फ्रांस में भूमि के अधिकांश भाग पर किसका अधिकार था?
34.2. कुलीन वर्ग को क्या विशेषाधिकार प्राप्त थे?
34.3. फ्रांसीसी समाज में किसानों की क्या स्थिति थी?

35. **ग्राफ में दिए गए आंकड़ों का विश्लेषण कीजिए एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **1+1+2=4**




*चित्र 6.4(अ): भारत की जनसंख्या वृद्धि दर 1951-2011 के दौरान*

35.1. किस दशक में जनसँख्या वृद्धि दर में बढ़ोत्तरी देखी गयी?
35.2. किस दशक में जनसँख्या वृद्धि की दर में सर्वाधिक कमी देखी गयी?
35.3. भारत में जनसँख्या वृद्धि की दर में कमी होने के किन्हीं दो कारणों का विश्लेषण कीजिए।


36. **अनुच्छेद को पढ़िए एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **1+1+2=4**

वर्ष 2019-20 प्राथमिक स्कूल प्रणाली भारत के 7,78,842 लाख से भी अधिक गाँवों में फैली है। दुर्भाग्यवश, स्कूल शिक्षा के इस विस्तार को शिक्षा के निम्न स्तर और पढ़ाई बीच में छोड़ने की उच्च दर ने कमजोर कर दिया है। 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी स्कूली बच्चों को वर्ष 2010 तक प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में सर्वशिक्षा अभियान एक महत्त्वपूर्ण कदम है। राज्यों, स्थानीय सरकारों और प्राथमिक शिक्षा सार्वभौमिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समुदाय की सहभागिता के साथ केन्द्रीय सरकार की यह एक समयबद्ध पहल है। इसके साथ ही, प्राथमिक शिक्षा में नामांकन बढ़ाने के लिए 'सेतु-पाठ्यक्रम' और 'स्कूल लौटो शिविर' प्रारंभ किए गए हैं। कक्षा में बच्चों की उपस्थिति को बढ़ावा देने, बच्चों के धारण और उनकी


| | | |
|---|---|---|
| | पोषण स्थिति में सुधार के लिए दोपहर के भोजन की योजना कार्यान्वित की जा रही है। इन नीतियों से भारत में शिक्षित लोगों की संख्या में वृद्धि हो सकती है।<br><br>36.1. प्राथमिक स्कूल प्रणाली के विस्तार में किए गए प्रयासों के कमज़ोर होने के किसी एक कारण का उल्लेख कीजिए।<br>36.2. विद्यालयों में दोपहर के भोजन की योजना क्यों चलायी गई?<br>36.3. सर्व शिक्षा अभियान पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए। | |
| | खण्ड च<br>मानचित्र आधारित प्रश्न | **(2+3=5)** |
| 37. | 37.a.- विश्व के रेखा मानचित्र पर दो स्थान 'A' एवं 'B' अंकित किये गए हैं। दी गई जानकारी के आधार पर इनकी पहचान कीजिए एवं खीची गई रेखा पर इनके नाम लिखिए।<br>I- एक केन्द्रीय शक्ति<br>II- एक मित्र शक्ति<br><br>37.b- भारत के रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन को उपयुक्त चिन्हों से दर्शाइए-<br>1. असम राज्य<br>2. हरियाणा राज्य<br>3. वुलर झील<br>4. K2 पर्वत शिखर<br><br>**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए हैं।**<br>**37.a.**<br>1. प्रथम विश्व युद्ध में मित्र शक्ति से सम्बंधित किसी एक राष्ट्र का नाम लिखिए।<br>2. प्रथम विश्व युद्ध में केन्द्रीय शक्ति से सम्बंधित किसी एक राष्ट्र का नाम लिखिए।<br><br>**37.b.**<br>**किन्हीं तीन को हल कीजिए-**<br>3. हरियाणा राज्य की राजधानी का नाम क्या है?<br>4.असम राज्य की राजधानी का नाम क्या है?<br>5. वह राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश जहां वुलर झील स्थित है।<br>6. भारत में हिमालय की सबसे ऊंची चोटी कौन सी है? | <br><br>**1**<br>**1**<br><br><br>**1**<br>**1**<br>**1**<br>**1**<br><br><br><br>**1**<br>**1**<br><br><br><br><br>**1**<br>**1**<br>**1**<br>**1** |

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in


WORLD - POLITICAL
संसार-राजनैतिक
Tropic of Cancer
Tropic of Cancer
SCALE
Kms.0 2000 4000 6000 Kms.

DOE,




https://www.evidyarthi.in